PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Haribhumi, Delhi
Tuesday, 10th April 2018; Page: 11
Width: 16.68 cms; Height: 23.54 cms; a4; ID: 9.2018-04-10.20

होम्योपैथी पर विज्ञान भवन में दो दिवसीय सम्मेलन आज से

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम का उद्घाटन
- केंद्रीय आयुष मंत्री श्रीपद येसोनाइक करेंगे अध्यक्षता

देश में विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर मंगलवार से विज्ञान भवन में दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन को केंद्रीय आयुष मंत्रालय के द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्घाटन उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू के द्वारा किया जाएगा जबकि केंद्रीय आयुष मंत्री श्रीपद येसोनाइक इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। होम्योपैथी पर आयोजित किए जा रहे इस सम्मेलन का मुख्य विषय नवोन्मेष, विकास और प्रगति 40 वर्षों से विज्ञान की खोज होगा। इस दो दिवसीय सम्मेलन में होम्योपैथिक शोधकर्ता, चिकित्सा, छात्रों, उद्योगपति आदि शामिल होगें। इसके साथ ही सम्मेलन में होम्योपैथी से जुड़े कई प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और वक्ता इसमें शामिल होकर अपने विचारों को रखेंगे। इसके अलावा विज्ञान की अन्य शाखाओं से संबंधित वैज्ञानिक होम्योपैथी से संबंधित अध्ययन और निष्कर्षों को पेश करेंगे। कार्यक्रम में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, बेहतरीन टीचर, युवा वैज्ञानिक और बेहतरीन अनुसंधान पेपर होम्योपैथी से संबंधित आयुष पुरस्कारों को प्रदान किया जाएगा।